Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the denial of No Objection Certificate (NOC) from Ministry of External Affares to attend a film event in China.

श्रीमती शताब्दी राय (बनर्जी) (बीरभूम) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे फिल्म फैस्टिवल अटैंड करने के लिए चाइना जाना था । मेरा जो प्रोफैशन है, उसके लिए वहां जाना था । उसके साथ पॉलिटिक्स का कोई संबंध नहीं था । लेकिन वीसा के लिए वे लोग बोले कि होम मिनिस्ट्री और एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्ट्री से एन.ओ.सी. लेना चाहिए और आपको इनफॉर्मेशन देनी चाहिए थी जो हमने उनको दे दी । लेकिन इनफॉर्मेशन, एनओसी के लिए जो हैरेसमेंट हुआ, वह बताने के लिए मुझे दस ज़ीरो ऑवर चाहिए । वह मैं छोड़ रही हूं । लेकिन फिर भी जब मुझे वीसा भी मिल गया, लेकिन एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्ट्री से मुझे एनओसी डिक्लाइन कर दिया गया और वह भी बिना किसी कारण के डिक्लाइन कर दिया गया । मुझे जानना है कि मुझे एनओसी क्यों नहीं दिया गया? मैंने जब उनके ऑफिस में रीज़न जानने के लिए फोन किया तो वे लोग रीज़न बता नहीं सकते । लेकिन आपको इसमें इंटरफियर करना चाहिए क्योंकि मैं एम.पी. बन गई हूं, इसलिए बाहर नहीं जा सकती । यह कैसे हो सकता है? सबसे बड़ी बात है कि उसी दिन हम लोगों के *…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, ऐसे मत बोलिए ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, जो सवाल उठाया है, वह सदन के पटल पर आ गया है लेकिन बोलते समय संयम भाषा में बात करें ।

…(व्यवधान)